दिन– शनिवार | दिनांक– 11 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के बीच मनसपंसद सीटों की दावेदारी को लेकर पटना से दिल्ली तक बैठकों का सिलसिला हुआ तेज।

02 एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में दिल्ली में पार्टी कोर कमिटी की आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुयी। पटना में राजद और कांग्रेस की भी अलग–अलग हुई बैठकें।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन समेत कृषि क्षेत्र से जुड़ी बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

04. और, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती आज समारोहपूर्वक मनाई गयी। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन सिताब दियारा में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल।

---

एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के बीच मनसपंसद सीटों की दावेदारी को लेकर अबतक सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। दोनों ही गठबंधन के घटक दलों के बीच बातचीत की प्रक्रिया और तेज हो गयी है। पटना से लेकर दिल्ली तक बैठकों को सिलसिला जारी है।

---

एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर दिल्ली में भाजपा कोर कमिटी की आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुयी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और वरिष्ठ नेता तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल थे। इसके अलावा पार्टी के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत कई वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने बताया कि बैठक में एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा हुयी। कल पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के चयन पर चर्चा की जाएगी।

———बाइट———

---

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी और अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने आज नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ मुलाकात की। साथ ही राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने भी श्री नड्डा से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की है। श्री नड्डा के साथ दोनों नेताओं की हुई मुलाकात में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा हुई।

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने अध्यक्ष चिराग पासवान को बिहार विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के चयन के लिए अंतिम रूप से अधिकृत किया है। आज नई दिल्ली में पार्टी की केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक के बाद सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है और अंतिम फैसला राष्ट्रीय अध्यक्ष ही लेंगे।

———बाइट———

---

महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर मामला उलझता ही जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस सीटों के तय फॉर्मूले से नाराज है। इस सिलसिले में आज राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से टेलीफोन पर बातचीत की है। इधर, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की अध्यक्षता में आज पटना में पार्टी की एक आपातकालीन बैठक हुयी। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल समेत पार्टी के सभी विधायक शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे और प्रत्याशियों के चयन को लेकर विचार–विमर्श किया गया।

---

महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जारी गतिरोध के बीच कांग्रेस की भी आज एक आपातकालीन बैठक हुयी। ऑनलाइन हुयी इस बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू समेत अन्य वरिष्ठ नेता और दिल्ली से स्क्रीनिंग कमिटी के मेम्बर और वरिष्ठ पर्यवेक्षक शामिल हुए। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि सीट बंटवारे को कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस का सहयोगियों के प्रति रूख नरम है।

———बाइट———

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि महागठबंधन में सभी घटक दलों को सम्मानजनक सीट मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के रहते कांग्रेस के अधिकार और सम्मान को कोई नहीं छीन सकता है।

———बाइट———

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा है कि इंडिया गठबंधन को बनाने में उनकी पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि गठबंधन में सभी पार्टियों को सम्मानजनक सीटें मिलनी चाहिए।

———बाइट———

जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने राघोपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की खबरों का खंडन नहीं किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि यदि वे राघोपुर से चुनाव लड़ते हैं तो स्वाभाविक है कि तेजस्वी प्रसाद यादव दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे।

———बाइट———

जहानाबाद के पूर्व सांसद अरूण कुमार अपने पुत्र ऋतुराज के साथ आज जदयू में शामिल हो गए। पटना में जदयू कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता ललन सिंह, विजय कुमार चौधरी और चंदेश्वर चंद्रवंशी उपस्थित थे।

भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री यादव ने कहा कि पार्टी में गरीबों और पिछड़ों का कोई सम्मान नहीं है, जिस कारण उन्होंने इस्तीफा दिया।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एक विशेष कार्यक्रम में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने पैंतीस हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहलों, **प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना** और **दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन** का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में पाँच हजार चार सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आठ सौ पंद्रह करोड़ रुपये की अतिरिक्त परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने बताया कि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन भावी पीढी को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है।

———बाइट———

आज से दलहन आत्मनिर्भरता मिशन भी शुरू हो रहा है। ये सिर्फ दाल उत्पादन बढ़ाने का मिशन नहीं है बल्कि हमारी भावी पीढ़ी को सशक्त बनाने का भी अभियान है। बीते सालों में भारत के किसानों ने रिकॉर्ड खाद्य उत्पादन किया है। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

श्री मोदी ने कहा कि पीएम धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत पशु धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

———बाइट———

पीएम धन–धान्य कृषि योजना में हमारे पशुधन पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। आप जानते हैं फुट एंड माउथ डिसीज यानि खुर पका–मुंह पका जैसी बीमारियों से पशुओं को बचाने के लिए 125 करोड़ से अधिक टीके मुफ्त लगाए गए हैं। इससे पशु भी स्वस्थ हुए हैं और किसानों की चिंता भी कम हुई है।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी और सम्पूर्ण क्रांति के जनक लोकनायक जय प्रकाश नारायण को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन जे.पी. की जन्मस्थली सारण जिले के सिताब दियारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जे.पी. की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। साथ ही उन्होंने लोक नायक के पैतृक आवास और प्रभावती पुस्तकालय का भी दौरा किया। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकनायक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में देश और समाज के लिए उनके योगदान की सराहना की। इधर, इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के बीच मनसपंसद सीटों की दावेदारी को लेकर पटना से दिल्ली तक बैठकों का सिलसिला हुआ तेज।

02 एनडीए में सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में दिल्ली में पार्टी कोर कमिटी की आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुयी। पटना में राजद और कांग्रेस की भी अलग–अलग हुई बैठकें।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम धन धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन समेत कृषि क्षेत्र से जुड़ी बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

04. और, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती आज समारोहपूर्वक मनाई गयी। उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन सिताब दियारा में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।